# अध्याय – 5 | रोकड़ प्रवाह विवरण

## QUIZ-01

1. **एक गैर-वित्तीय संस्था में प्राप्त ब्याज को किस श्रेणी में रखा जाता है?**
   A. संचालन गतिविधि
   B. वित्त पोषण गतिविधि
   C. निवेश गतिविधि
   D. असाधारण आइटम (C)

*व्याख्या :* गैर-वित्तीय संस्थाओं में प्राप्त ब्याज को निवेश गतिविधियों के अंतर्गत दिखाया जाता है।

2. **कैश फ्लो स्टेटमेंट मुख्य रूप से क्या दर्शाता है?**
   A. शुद्ध लाभ या हानि
   B. कंपनी की वित्तीय स्थिति
   C. नकदी प्रवाह और निकासी
   D. इक्विटी और दायित्व (C)

**व्याख्या** -कैश फ्लो स्टेटमेंट संचालन, निवेश और वित्त पोषण गतिविधियों से नकद और नकद समतुल्यों के प्रवाह और बहिर्गमन को दर्शाता है।

3. **नकद और नकद समतुल्य में उन निवेशों को शामिल किया जाता है जिनकी परिपक्वता अवधि होती है:**
   A. 1 वर्ष या उससे कम
   B. 6 महीने या उससे कम
   C. 3 महीने या उससे कम
   D. 5 वर्ष या उससे कम (C)

**व्याख्या** कद समतुल्य में केवल वे निवेश शामिल होते हैं जिनकी परिपक्वता 3 महीने या उससे कम होती है और जो शीघ्र नकदी में परिवर्तनीय होते हैं।

4. **निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु नकदी प्रवाह विवरण से बाहर रखी जाती है?**
   A. लाभांश का भुगतान
   B. मूल्यह्रास
   C. स्थायी परिसंपत्तियों की बिक्री
   D. भुगतान किया गया ब्याज (B)

**व्याख्या** - मूल्यह्रास एक गैर-नकद व्यय है और वास्तविक नकद प्रवाह में शामिल नहीं किया जाता।

5. **निम्नलिखित में से कौन-सी वित्त पोषण गतिविधि का उदाहरण है?**
   A. भूमि की खरीद
   B. आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान
   C. इक्विटी शेयरों का निर्गम
   D. वेतन का भुगतान (C)

*व्याख्या :* इक्विटी शेयरों का निर्गम लंबी अवधि की पूंजी को प्रभावित करता है, इसलिए यह वित्त पोषण गतिविधि है।

6. **बाढ़ या भूकंप के कारण हुई हानि को किस रूप में वर्गीकृत किया जाता है?**
   A. निवेश गतिविधि  B. संचालन गतिविधि
   C. असाधारण आइटम  D. गैर-संचालन आय (C)

*व्याख्या :* प्राकृतिक आपदाओं के कारण हानि असाधारण आइटम मानी जाती है और अलग से दिखाई जाती है।

7. **लाभांश का भुगतान नकद प्रवाह विवरण में किस गतिविधि के अंतर्गत दिखाया जाता है?**
   A. संचालन गतिविधि
   B. निवेश गतिविधि
   C. वित्त पोषण गतिविधि
   D. गैर-नकद गतिविधि (C)

*व्याख्या :* लाभांश भुगतान एक वित्तीय गतिविधि से नकद बहिर्गमन होता है।

8. **संचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह में क्या शामिल होता है?**
   A. मशीनरी की बिक्री
   B. डिबेंचरों पर ब्याज
   C. ग्राहकों से प्राप्त नकद
   D. पेटेंट की खरीद (C)

**व्याख्या** - संचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह में मुख्य गतिविधियों से नकद प्राप्ति जैसे बिक्री से प्राप्त नकद शामिल होता है।

9. **संचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह की गणना के लिए अप्रत्यक्ष विधि की शुरुआत होती है:**
   A. नकद शेष से
   B. कर पूर्व शुद्ध लाभ से
   C. बिक्री राजस्व से
   D. कार्यशील पूंजी से (B)

*व्याख्या :* अप्रत्यक्ष विधि में 'शुद्ध लाभ (कर पूर्व)' से शुरु करके समायोजन किए जाते हैं।

10. **स्थायी परिसंपत्तियों की खरीद को किस गतिविधि के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है?**
   A. संचालन गतिविधि
   B. वित्त पोषण गतिविधि
   C. निवेश गतिविधि
   D. गैर-नकद लेन-देन (C)

*Explanation :* स्थायी परिसंपत्तियों की खरीद निवेश गतिविधि का हिस्सा होती है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App